hoomi.com

हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

Date: 12-04-2016

Page no. 13

समारोह | गंगा इंस्टीट्यूट में मनाया गया दीक्षांत समारोह, 100 से अधिक विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां

देश में या विदेश में काम करो, लेकिन दिल भारतीय होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमैंट एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन कबलाना में दूसरा दीक्षांत समारोह धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। जितेन्द्र कुमार भारद्वाज, रजिस्ट्रार महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी मैनेजमैंट एवं एजुकेशन सहित 100 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। भारद्वाज ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी और खासकर उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को अपनी क्षमताओं को इस्तेमाल देश के विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा का उदाहरण देते हुए बताया कि कोई भी कार्य बगैर हाथों से मेहनत किए हुए बिना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रशिक्षित व स्किल्ड इंजीनियरों की काफी कमी है। उन्होंने आज इंजीनियर बनने का गौरव प्राप्त कर चुके इंजीनियरों से अपील की कि वे देश में रहकर काम करें या विदेश में, मगर उनका दिल भारतीय ही होना चाहिए। उन्होंने संस्था के निदेशक की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान में दौरे के दौरान सभी प्रयोगशालाओं में उपकरण बहुत ही अच्छी तादाद में उपलब्ध है जिसका विद्यार्थियों को अपने तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के लिए इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए।

झज्जर। मेहनत का मिला फल...डिग्रियां मिलने के बाद अपनी खुशी का इजहार करते गंगा इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी। **फोटो: हरिभूमि**

सांस्कृति कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी.एड कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. कुसम जैन, प्रोफेसर डॉ. आर.के कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ. विवेक अरोड़ा, विभिन्न विभागाध्यक्ष इंजीनियर जितेंद्र नरवाल, डॉ. राकेश जून, डॉ. पूनम हुड्डा, इंजीनियर सतीश कुमार, इंजीनियर जोगिंद्र सिंह, इंजीनियर एकता, डॉ. नीतू शर्मा, इंजीनियर विवेक खोखर, डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. सोमवीर भी उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अमन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान संस्था द्वारा शिक्षण क्षेत्र में किए गए कार्यों का सिल-सिलेवार ब्यौरा दिया तथा संस्था द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों व गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बी.एड कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. कुसम जैन ने बी.एड व एम.एड एजूकेशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कॉलेज की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। संस्था के चेयरमैन डॉ. सुशील गुप्ता, एक्जीक्यूटिव निदेशक भारत गुप्ता ने मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और दीक्षांत समारोह में भाग लेने पर उनका आभार प्रकट किया। इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में मोहम्मद अजहर, प्रवेश, दिनेश, धर्मेंद्र, अमरदीप, शिव कुमार, संदीप कुमार, ईशा, सत्तप्रकाश, मनुप्रकाश, सिविल इंजीनियरिंग में रीना, सोनू, सुमित पोगल, समिक, सुमित कम्पयूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में वंदना सहगल, मीना चौधरी, अनु, मोनिका सुहाग, पुश्कर जैन, सोनिया आदि विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई।